प्रातःकाल
ताजा खबरों के लिए क्लिक pratahkal.com
उदयपुर, सोमवार 23 मार्च, 2015

देश-विदेश की विभूतियों का हुआ सम्मान

उदयपुर। महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर के इस वर्ष आयोजित 33वें वार्षिक अलंकरण समारोह के अवसर पर यहां माणक चौक में रविवार को आयोजित भव्य समारोह में देश-विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों का सम्मान किया गया।

समारोह में लन्दन स्थित केम्ब्रिज युनिवरसिटी में संस्कृत अध्यापन से शुरूआत करने वाले प्रो. जॉन डी. स्मिथ को कर्नल जेम्स टॉड अलंकरण, विज्ञापनों से सामाजिक क्रान्ति लाने वाले पियुष पाण्डे को हल्दीघाटी अलंकरण, मानवाधिकारों के लिए लड़ने वाली जानी मानी अधिवक्ता वृन्दा ग्रोवर को हकीम खाँ सूर अलंकरण, फोरेस्ट मेन ऑफ आसाम के नाम से मशहूर पद्मश्री जादव मुलाय पयांग को महाराणा उदयसिंह अलंकरण, थर्मेक्स लि. से सेवानिवृत्त समाजसेवी पद्मश्री अनु आगा को पन्नाधाय अलंकरण से नवाजा गया। समारोह के अध्यक्ष राष्ट्रकवि बालकवि वैरागी ने कहा कि पूरे विश्व से मनीषियों को तलाशना एवं उन्हें इतने सहज और अनुशासित तरीके से सम्मान प्रदान करना फाउण्डेशन का एक ऐतिहासिक काम है। फाउण्डेशन के प्रवक्ता कवि पंडित नरेन्द्र मिश्र ने फाउण्डेशन के विभिन्न कार्यकलापों की जानकारी दी एवं मेवाड़ के ऐतिहासिक गौरवमयी इतिहास पर कविता की पंक्तियां भी पढ़ी।

फाउण्डेशन द्वारा राज्य स्तर पर दिये जाने वाले अलंकरणों के अन्तर्गत इस वर्ष महाराणा मेवाड़ सम्मान सुश्री कृति भारती तथा श्याम सुन्दर पालीवाल को, महर्षि हारीत राशि सम्मान प्रो. ओम प्रकाश उपाध्याय एवं पं. गणपति लाल शर्मा को, महाराणा कुम्भा सम्मान नारायण लाल शर्मा तथा पद्मश्री डॉ. चन्द्र प्रकाश देवल, महाराणा सज्जनसिंह सम्मान कमलेश जांगिड़ को, डागर घराना सम्मान अमान अली खान एवं अयान अली खान को, राणा पूंजा सम्मान चुन्नी लाल गरासिया को, अरावली सम्मान नवनीत गौतम एवं सुश्री सुमित्रा शर्मा को, विशिष्ट अलंकरण डॉ. शैलेन्द्र मोहन को प्रदान किया गया।

फाउण्डेशन द्वारा राज्य के सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाना का विशिष्ट सम्मान इस वर्ष झालावाड़ जिले के सरोला थाना को दिया गया। फाउण्डेशन द्वारा अलंकरण के तहत सम्मान राशि, तोरण, शॉल एवं प्रशस्तिपत्र भेंट किए गए। समारोह में महाराणा फतह सिंह अलंकरण के लिए वर्ष 2013 तथा 2014 के 70 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। भामाशाह अलंकरण के लिए वर्ष 2013 तथा 2014 के 33 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। महाराणा राजसिंह अलंकरण के लिए वर्ष 2013 तथा 2014 की श्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए 10 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

उदयपुर। अरविन्द सिंह मेवाड़ से कर्नल जेम्स टॉड सम्मान ग्रहण करते प्रो. जॉन डी स्मिथ, हल्दीघाटी सम्मान ग्रहण करते पियूष पाण्डे, हकीम खां सूर सम्मान प्राप्त करती वृंदा ग्रोवर, महाराणा उदयसिंह सम्मान से सम्मानित होते जादव मुलाय पयांग, पन्नाधाय सम्मान ग्रहण करती अनु आगा।

विभूतियां हुई गौरवान्वित

इस अवसर पर सम्मानित होने वाली विभूतियों में से हल्दीघाटी सम्मान प्राप्त पियूष पाण्डे ने कहा कि उन्हें अपनी मातृभूमि पर सम्मान मिलने से बेहद हर्ष है। कर्नल जेम्स टॉड अवार्ड से सम्मानित प्रो. जॉन डी स्मिथ संस्कृत भाषा तथा उसकी बारीकि पर शोध करने के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी। पन्नाधाय सम्मान से सम्मानित अनु आगा ने बालिका शिक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुए इसे हर धर्म, हर व्यक्ति, हर नागरिक का दायित्व होना बताया। वहीं हकीम खां सूर अवार्ड से सम्मानित वृंदा ग्रोवर ने सामाजिक न्याय एवं घरेलू हिंसा तथा यौन शोषण पर अपने विचार व्यक्त किए।